।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर ।।

पत्रांक 2456 / 12-1, दिनांक, गोपेश्वर, जनवरी 14 /2021

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, कर्णप्रयाग।

विषयः— ऑन लाईन प्रस्ताव सं0 FP/UK/Road/45577/2020 जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के अन्तर्गत उमट्टा बरसाली—मौणा मोटर मार्ग का बैरफाला काण्डा तक विस्तारीकरण का निर्माण कार्य।

संदर्भः— ऑनलाईन प्रस्ताव प्राप्त दिनांक 06.01.2021

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि विषयांकित मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव की चार—चार हार्ड प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है, के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त प्रस्ताव का अवलोकन करने पर कतिपय कमियां पाई गयी, जिसका विवरण निम्नानुसार प्रेषित हैः—

1— परिशिष्ठ भाग—1 में दिनांक रिक्त है।

2— लैण्ड शैण्डूल में दर्शायी गई वन भूमि की वैधानिक स्थिति तथा डिजिटल मैप में दर्शायी गई वन भूमि की वैधानिक स्थिति में भिन्नता है।

3— मोटर मार्ग के डिजिटल मैप में existing Road दर्शायी गयी है, जिसका google earth से परीक्षण करने पर उक्त दर्शायी गई existing road में कोई भी मोटर मार्ग पहले से निर्मित नही है, तथा आपके द्वारा प्रस्तावित मार्ग का विस्तारीकरण उमट्टा बरसाली मौणा मोटर मार्ग से बैरफाला काण्डा मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्तावित है, मोटर मार्ग का डिजिटल मैप में संशोधन कर प्रस्ताव में संलग्न करें।

4— प्रारूप—6 संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट में दिनांक अंकित नही की गयी है, संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट में दर्शायी गयी प्रस्तावित मोटर मार्ग की लम्बाई नाप भूमि 150.00मी, सिविल भूमि में 1245.00मी0, वन पंचायत कोटी में 263.00मी0 आरक्षित वन भूमि में 1850.00मी0 कुल 3508मी0(3.508किमी0) है। जबकि आपके द्वारा प्रस्ताव की कुल लम्बाई 5.00 किमी0 दर्शायी गई है। किमी0 में आ रही भिन्नता को स्पष्ट करे, संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट में उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारी के हस्ताक्षर भी नही है।

5— वन अधिकार अधिनियम 2006 में दर्शायी गयी वन भूमि के क्षेत्रफल में भिन्नता है, तथा उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग के नाम रिक्त है।

6— मक डिस्पोजल प्लान में मक डिस्पाजल हेतु शेष मलवा का आयतन (Volume) 22962.00 दर्शाया गया है, जबकि मक डिस्पोजल साईट सारणी में दर्शायी गयी मक डम्पिंग स्थल का आयतन (Volume) 18840.00घनमी0 अंकित है। उक्त 4122.00 घनमी0 मलवे के निस्तारण हेतु अन्य कोई मक डिस्पोजल साईट चयन करे।

उपरोक्त प्रस्ताव की 04 हार्ड प्रति इस कार्यालय से प्राप्त करते हुए उक्त कमियों का निस्तारण कर प्रस्ताव अपने स्तर से विधिवत परीक्षण करने के उपरान्त ही प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी के हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत करने का कष्ट करे।

संलग्नः—यथोपरि।

भवदीय,

(आशुतोष सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

Scanned with CamScanner